हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 7 फरवरी 2026

[ नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

06 50 लाख का सराय संचालन विहीन अटेंडर खुले में...



07 प्लेटफार्म छोर पर महिला यात्रियों के गले से मंगलसूत्र...



## खबर संक्षेप

### आपसी रंजिश में पुजारी की हत्या, 24 घंटे में खुलासा

**नर्मदापुरम।** बनखेड़ी थाना क्षेत्र में ग्राम चिल्लौद स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर के पुजारी शिवशंकर तिवारी की हत्या का पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा कर दिया। आपसी रंजिश के चलते 19 वर्षीय सौरभ बानवंशी ने नशे की हालत में सो रहे पुजारी पर ईंट-पत्थर से हमला कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाकर आरोपी को हिरासत में लिया, जिसने पूछताछ में जुर्म कबूल किया। आरोपी के खून से सने कपड़े जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### नर्मदापुरम ने भोपाल को 186 रनों से हराया



**नर्मदापुरम।** एमपीसीए ग्राउंड पर सीनियर मेंस संभाग स्तरीय महाराजा यशवंतराव ट्रॉफी में नर्मदापुरम संभाग ने भोपाल संभाग को 186 रनों से हराकर बोनस सहित 7 अंक हासिल किए। नर्मदापुरम ने तीसरे दिन 253 रन बनाए, जिसमें आर्यन देशमुख के 41 रन अहम रहे। लक्ष्य का पीछा करते हुए भोपाल की टीम ऋत्विक दीवान की घातक गेंदबाजी के सामने 130 रन पर सिमट गई। ऋत्विक दीवान ने 7 विकेट लिए। राहुल चंद्रौल और ऋत्विक दीवान संयुक्त मैन ऑफ द मैच रहे। जीत पर टीम को पदाधिकारियों ने बधाई दी।

## बाघ ने सोहागपुर ब्लॉक के गांव में किया बैल का शिकार, भयभीत ग्रामीण

# जंगलों से निकलकर बसाहट की ओर कदम बढ़ा रहे जंगली जानवर

जिले में जंगली जानवरों का खतरा अब अपना दायरा बढ़ा रहा है। ताजा उदाहरण सोहागपुर ब्लॉक के घोघरी में देखने को मिल रहा है। जहां एक बाघ के मूवमेंट से ग्रामीण दहशत में है। बाघ ने बैल का शिकार भी किया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर/नर्मदापुरम

जिले में जंगली जानवरों का खतरा हर साल अपना दायरा बढ़ाता जा रहा है। अब यह समस्या केवल गांवों और रिहायशी इलाकों तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि पशु चराने वाले, खेतों में काम करने वाले और जंगलों पर निर्भर आजीविका से जुड़े लोग भी लगातार डर के साए में जीने को मजबूर हैं।

मानव-वन्य जीव संघर्ष अब जिले के लिए दोहरी चुनौती बन चुका है। पहले जंगली जानवरों की आवाजाही मुख्य रूप से गर्मी के मौसम में ही बढ़ती थी, जब जंगलों में पानी और भोजन की कमी हो जाती थी। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। वन्य जीव हर मौसम में



जंगलों से बाहर निकलकर आबादी वाले क्षेत्रों की ओर बढ़ रहे हैं। इससे लोगों की सुरक्षा के साथ-साथ उनकी आजीविका पर भी गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

### जंगल से सटे इलाकों में हालात ज्यादा गंभीर

खासकर वे गांव और बस्तियां जो जंगलों से लगे हुए हैं या जंगलों के बीचों-बीच स्थित हैं, वहां स्थिति और भी चिंताजनक बनी हुई है। किसानों के खेतों में फसलें बर्बाद हो रही हैं, पशुपालकों के मवेशियों पर हमले बढ़ रहे हैं और कई बार लोगों को जान जोखिम में डालकर जंगल और खेतों में काम करना पड़ रहा है।

### प्रशासन और वन विभाग के सामने बड़ी चुनौती

मानव-वन्य जीव संघर्ष को नियंत्रित करना प्रशासन और वन विभाग के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। ग्रामीणों की मांग है कि प्रभावित इलाकों में सुरक्षा उपाय बढ़ाए जाएं, मुआवजा प्रक्रिया को सरल बनाया जाए और जंगलों में वन्य जीवों के लिए पर्याप्त पानी व भोजन की व्यवस्था की जाए, ताकि वे आबादी की ओर न आएं। ताजा उदाहरण सोहागपुर ब्लॉक में देखने को मिल रहा है। जहां बाघ के बसावट वाले मूवमेंट से ग्रामीणों में दहशत है। वहीं बाघ ने एक बैल का भी शिकार किया है।

### बैल का बनाया निवाला

सोहागपुर के ग्राम घोघरी में गत दिवस किसान पंचम सिंह भल्लावी के खेत में बाघ ने बैल का शिकार किया है। अब यह बाघ घोघरी व आसपास के आबादी क्षेत्रों में आसान शिकार की तलाश में घूम रहा है। जिससे ग्रामीणों में भय व्याप्त है। सोमनाथ आदिवासी किसान संगठन प्रमुख राजकुमार रघुवंशी के अनुसार बाघ रिहायशी इलाकों के आसपास ही घूम रहा है। जिससे ग्रामवासियों में भय का माहौल है। रघुवंशी का कहना है कि गांवों के लोग अपने खेतों में कृषि कार्य करने नहीं जा पा रहे हैं। इस स्थिति की जानकारी वन विभाग को दो दिन पहले ग्रामवासी दे चुके हैं। लेकिन इसके बाद भी जबावदार अधिकारी बाघ का रेस्क्यू नहीं कर रहे हैं। बाघ के भय के चलते छात्र-छात्राएं स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ऐसी स्थिति में कोई अनहोनी दुर्घटना घटती है, तो सम्पूर्ण जबावदारी शासन प्रशासन की होगी। सोमनाथ आदिवासी किसान संगठन की मांग है कि समय रहते कार्यावाही की जाए। यदि बाघ का रेस्क्यू नहीं किया गया तो मढ़ई रोड पर आदिवासी समाज व अन्य संगठनों द्वारा चक्का जाम किया जाएगा।

## बहन की शादी के दिन टूटा परिवार पर दुखों का पहाड़, युवती की मौत से सदमें में परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

सेमरी हरचंद के समीपस्थ ग्राम जमुनिया में उस समय शादी की खुशियां मातम में बदल गईं, जब शादी समारोह के दौरान एक युवती की अचानक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जमुनिया निवासी मोहनलाल विश्वकर्मा पिता फूलसिंह विश्वकर्मा की मझली बेटी मालती की शादी का कार्यक्रम 5 फरवरी को माखननगर रोड स्थित एक शादी भवन में आयोजित किया गया था। बारात घर पर पहुंच चुकी थी और परिजन शादी की रस्मों में व्यस्त थे।

इसी दौरान मोहनलाल विश्वकर्मा की छोटी बेटी रोशनी विश्वकर्मा 19 वर्ष दोपहर करीब 2 बजे घर पर सो रही थी। पूछने पर रोशनी ने बताया कि उसे तेज सिरदर्द हो रहा है और वह आराम करना चाहती है। इसके बाद परिवार के सभी सदस्य पुनः शादी कार्यक्रम में लग गए।

### जागी नहीं तो सूचना दी

रात करीब 8 बजे एक लड़की द्वारा सूचना दी गई कि रोशनी जाग नहीं रही है। परिजन तत्काल घर पहुंचे और रोशनी को जगाने का प्रयास किया, लेकिन वह कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रही थी। इसके बाद उसे तत्काल सरकारी अस्पताल



सोहागपुर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद रात करीब 11 बजे रोशनी को मृत घोषित कर दिया। परिजनों द्वारा शादी के कार्यक्रम में मालती की विदाई के बाद थाना को सूचना दी गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया है। फिलहाल मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। मृत्यु का कारण अभी अज्ञात बताया जा रहा है, हालांकि प्रथम दृष्टया जहरीली वस्तु के सेवन की आशंका जताई जा रही है।

मृतिका रोशनी विश्वकर्मा का विसरा एवं अन्य नमूने परीक्षण हेतु जब्त कर फॉरेंसिक जांच के लिए भोपाल भेजे जाएंगे। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है। पुलिस चौकी में पदस्थ एएसआई अशोक सातनकर ने बताया कि घटना मर्ग कायम हुआ है डायरी आने पर जांच की जाएगी।

## महिला सुरक्षा, भ्रष्टाचार सहित अन्य मुद्दों पर प्रेसवार्ता में रीना बौरासी ने किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी ने शुक्रवार को इटारसी में तीखे तेवर दिखाए। होटल एक्सप्रेस इलेवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार को महिला सुरक्षा, भ्रष्टाचार और क्षेत्रीय उपेक्षा के मुद्दों पर जमकर घेरा। बौरासी ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस अब केवल दफ्तरों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि जमीन पर उतरकर सरकार की विफलताओं का पर्दाफाश करेगी। रीना बौरासी ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि नर्मदा संरक्षण के नाम पर करोड़ों के पौधों का बड़ा घोटाला हुआ है। उन्होंने कहा, नर्मदा किनारे करोड़ों पौधे लगाने का दावा कर सरकारी खजाने को लूटा गया।

आज धरातल पर न वे पौधे हैं और न ही भ्रष्टाचार करने वालों पर कोई कार्रवाई हुई। सरकार इस महाघोटाले को दबाने में जुटी है। साथ ही उन्होंने नर्मदा में मिल रहे ड्रेनेज के पानी, रसायनिक कचरे और धड़ल्ले से चल रहे अवैध रेत खनन पर गहरी चिंता जताते हुए इसे तत्काल रोकने की मांग की।




### चुनाव में लाड़ली, अब मिल रही धमकियां

प्रदेश में कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए बौरासी ने महू में स्कूली छात्रा से दुष्कर्म और इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों का उदाहरण दिया। उन्होंने एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि वे महिलाओं की वास्तविक सुरक्षा स्थिति को परखने के लिए स्वयं नाइट स्टिंग करेंगी। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जो महिलाएं चुनाव के समय भाजपा के लिए लाड़ली थीं, आज उन्हें ही अपनी आवाज उठाने पर धमकाया जा रहा है।

### मूलभूत सुविधाओं से तरस रहा

क्षेत्रीय मुद्दों पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा के ढाई दशक के शासन के बाद भी नर्मदापुरम जिला मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है। उन्होंने मांग की कि जिले में अविलंब मेडिकल कॉलेज और विश्वविद्यालय की स्थापना की जाए, किसानों के हित में गेहूं का समर्थन मूल्य बढ़ाकर 3000 रुपये प्रति क्विंटल किया जाए।

### 2028 में कांग्रेस की सरकार का दावा

पार्टी में मची भगदड़ और दलबदल पर उन्होंने कहा कि जाने वाले लोग या तो स्वार्थी थे या किसी दबाव में डरे हुए थे। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में कांग्रेस और अधिक मजबूत होकर उभरेगी और 2028 में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। उन्होंने जल्द ही महिला कांग्रेस की जिला व नगर इकाइयों में नई नियुक्तियों के संकेत भी दिए। पत्रकार वार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष शिवाकांत पांडेय, नगराध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नीलम गांधी, ओम सेन सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे।

## साहसिक खेलों में सेमेरिटंस के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

हाल ही में पचमढ़ी में आयोजित 27वें साहसिक खेलों में सेमेरिटंस विद्यालय, माखन नगर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया।




प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने साहस, आत्मविश्वास और कौशल का शानदार परिचय देते हुए सभी का ध्यान आकर्षित किया। खेलों में तरुण यादव, अरहान खान, गौरव मेहरा, हर्ष यादव, शिप्रा मीना, भव्या यादव, आव्या खान, मेघा मोंडल एवं पल्लवी कोल ने रॉक क्लाइम्बिंग, पैरा ग्लाइडिंग, शूटिंग सहित विभिन्न साहसिक खेलों में भाग लेकर बेहतरीन प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि के पीछे विद्यालय के खेल शिक्षक जया मालवीय, गणेश बिसरे, लखन सोनी एवं मनमोहन झिंगारे का विशेष मार्गदर्शन रहा। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## आज से 07 मार्च तक किसान पंजीयन होगे

**नर्मदापुरम।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन 07 फरवरी से 07 मार्च 2026 तक किया जाएगा। कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालय एवं सहकारी संस्थाओं में निःशुल्क पंजीयन की व्यवस्था की गई है। किसान ई-उपार्जन पोर्टल एवं एमपी किसान एप के माध्यम से भी पंजीयन कर सकते हैं। किसान ई-उपार्जन पोर्टल (http://mpeu-parjan.nic.in ) और एम.पी. किसान एप के माध्यम से भी पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीयन केंद्रों पर तकनीकी रूप से दक्ष कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है ताकि किसानों को कोई समस्या न हो।

## कलेक्टर ने दिए नशा मुक्ति करने व्यापक जन जागरुकता अभियान के लिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एन-कॉर्ड समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में नशे की रोकथाम, मादक पदार्थों की तस्करी पर नियंत्रण तथा नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्रों की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने पर चर्चा की गई।

कलेक्टर ने नशा मुक्ति केंद्रों के नियमित निरीक्षण और उपचार-परामर्श व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए।शैक्षणिक संस्थानों व दवा दुकानों पर विशेष निगरानीकलेक्टर ने स्कूलों के आसपास नशे के




दुष्प्रभावों को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाने तथा तंबाकू बिक्री पर प्रतिबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही ड्रग इंस्पेक्टर को दवा दुकानों के नियमित निरीक्षण और बिना वैध प्रिसक्रिप्शन निषिद्ध दवाओं की बिक्री रोकने के निर्देश दिए गए।

## कर्ज विवाद बना अपहरण का मामला, एक आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के आनंद नगर क्षेत्र में होटल बुड्स इन के सामने एक युवक के अपहरण और उसके साथ मारपीट का मामला सामने आया है। युवक की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार यह घटना 3 फरवरी की है। आनंद नगर स्थित मधु उपाध्याय के घर के सामने से स्प्रिंग वैली कॉलोनी, कटारा हिल्स भोपाल निवासी युवक को राकेश राजपूत, नील सूर्यवंशी और रश्मि सूर्यवंशी जबरन गाड़ी में बैठाकर भोपाल ले गए, जहां उसके साथ मारपीट की गई। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक आरोपी की तलाश अभी जारी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मामला उधारी के लेनदेन से जुड़ा हुआ है।

पीड़ित युवक ने आरोप लगाया है कि उसे जबरन घर से उठाकर ले जाया गया और उसके साथ मारपीट की गई, जिसके चलते पुलिस ने इसे अपहरण का मामला मानते हुए कार्रवाई की।

पुलिस के मुताबिक पीड़ित ने आरोपियों से कुछ पैसे उधार लिए थे, इसी विवाद को लेकर वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस ने आरोपियों पर धारा 140(3), 332(सी), 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## आवारा पशुओं के कारण बढ़ीं दुर्घटनाओं का दिया रोडमैप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने सदन के माध्यम से प्रदेश की सड़कों को 'जीरो एक्सीडेंट जोन' बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। उन्होंने पिछले दो वर्षों के पुलिस रिकॉर्ड का हवाला देते हुए बताया कि प्रदेश में आवारा पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाएं एक बड़ी चुनौती हैं।

राज्यसभा सांसद नारोलिया ने केवल समस्या ही नहीं उठाई, बल्कि मंत्रालय को 5 सूत्रीय समाधान भी



सुझाए, जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर डेटा संकलन और पशु आश्रय स्थलों के लिए केंद्रीय सहयोग की मांग शामिल है। उन्होंने विश्वास जताया कि मोदी सरकार के नेतृत्व में सड़क परिवहन मंत्रालय इन सुझावों पर त्वरित कार्रवाई करेगा, जिससे हजारों परिवारों को उजड़ने से बचाया जा सकेगा।

## महाराष्ट्र से आया दल करेगा सांस्कृतिक, सामाजिक संवाद

# नर्मदा संरक्षण के लिए निकला अध्ययन दल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदाष्टक उपासना मंडल समिति का नर्मदा अध्ययन दल शुक्रवार को सेठानी घाट स्थित तिलक भवन से नर्मदा यात्रा पर रवाना हुआ। यह अध्ययन दल महाराष्ट्र से आया है, जिसका नेतृत्व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नर्मदापुर के पूर्व संगठन मंत्री किशोर पौनीकर कर रहे हैं। दल में 30 से अधिक नर्मदा यात्री शामिल हैं। यात्रा की शुरुआत प्रातः मां नर्मदा के पूजन एवं सामूहिक नर्मदा अष्टक पाठ के साथ की गई।

इसके पश्चात दल नर्मदापुरम से डोंगरवाडा, खोकसर, आंवली घाट, बाबरी घाट, चांदवडकुटी, छिपानेर,



चिचोड़ बजरंग कुटी, लछोरा, हरदा, हंडिया, नेमावर, सलकनपुर, बुदनी होते हुए पुनः नर्मदापुरम लौटेगा।

### तिलक भवन में स्वागत, पुस्तक विमोचन व नर्मदा भक्तों का सम्मान

यात्रा से पूर्व तिलक भवन में अध्ययन दल का स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष भरत सिंह राजपूत, शशांक हर्णे एवं मीरा ताई ने अपने विचार व्यक्त किए।नर्मदा अध्ययन दल के संयोजक किशोर पौनीकर ने यात्रा के उद्देश्य की जानकारी देते हुए बताया कि यह यात्रा नर्मदाभक्ति के माध्यम से सांस्कृतिक, सामाजिक एवं पर्यावरणीय चेतना को जागृत करने तथा नर्मदा तट पर बसे लोगों से संवाद स्थापित करने के लिए की जा रही है। कार्यक्रम के दौरान किशोर पौनीकर द्वारा लिखित पुस्तक नदीपुरक जीवन पद्धति का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन मनीष परदेशी ने किया एवं आभार प्रदर्शन विकास नारोलिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में नर्मदा भक्त उमाशंकर चौबे एवं ऋषिकांत पटवा का सम्मान किया गया। इस अवसर पर विवेक गौर, अजय चिंटू शर्मा, नंदकिशोर यादव, दीपक हेमनानी, रूपेश राजपूत आदि मौजूद रहे।

## ग्रंथ संग्रहण शोभायात्रा व भूमिपूजन के साथ शुरू हुआ जैन समाज का त्रिदिवसीय आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

जैन समाज का त्रि दिवसीय धार्मिक आयोजन विधिवत रूप से आज से प्रारंभ होगा। लेकिन शुक्रवार को ग्रंथ संग्रहण शोभायात्रा तथा भूमिपूजन से कार्यक्रम शुरु हो चुका है। आयोजन का समापन नौ फरवरी सोमवार को होगा।

सोहागपुर जैन समाज से प्राप्त जानकारी अनुसार सात से नौ फरवरी तक सोहागपुर में श्री जिनवाणी जी का अस्थाप, घट यात्रा, कलशारोहण, श्री पालकी जी चल समारोह, वेदीसूतन, तिलक महा महोत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाना है।

8 फरवरी रविवार को प्रसादी अर्थात पात्र भावना का विशेष



आयोजन होगा, जिसमें शहर के आमंत्रित नागरिक उपस्थित रहेंगे। वहीं इसी दिन भव्य श्री पालकी जी का चल। समारोह भी आयोजित किया जाएगा।

### संग्रहित किए ग्रंथ

शुक्रवार सुबह पात्र भावना घोषित करने वाले परिवारों से जैन समाज के ग्रंथों का संग्रह किया गया है। प्रत्येक परिवार से ग्रंथ संग्रह के लिए भव्य शोभायात्राएं गाजे-बाजे के साथ शहर के मुख्य मार्गो से निकाली गई हैं। सभी ग्रंथ चैत्यालय ले जाए गए। जहां गत कुछ दिनों से ग्रंथों का वाचन किया जा रहा है। शुक्रवार दोपहर भूमिपूजन एवं घट यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें सकल जैन समाज सोहागपुर सहित सोहागपुर सकल हिंदू समाज के नागरिक भी सम्मिलित हुए।

### आंखों की निशुल्क जांच आज और कल भी होगी

**नर्मदापुरम।** शहर में सोहंग सेवा संस्थान एवं माताश्री नेत्रालय भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का किया। यह शिविर शनिवार और रविवार को दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक रामजी बाबा मेले के पीछे स्थित गुप्ता ग्राउंड में जारी है। शुक्रवार को शिविर में मरीजों ने लाभ लिया। शिविर का संचालन माताश्री नेत्रालय भोपाल के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पीएस बिंद्रा द्वारा किया जा रहा है, शिविर में जांच कराए गए मरीजों को माताश्री नेत्रालय में आगामी 15 दिनों तक निःशुल्क परामर्श एवं फॉलोअप जांच की सुविधा दी जाएगी। साथ ही आवश्यक जांचों एवं उपचार छूट भी प्रदान की जाएगी। समन्वयक के रूप में कुलविंदर कौर, ललित, पंकज गुप्ता आदि शामिल थे।

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 13 को

**बैतूल।** जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 13 फरवरी को दोपहर 1 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। अ. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बैतूल ने बताया कि बैठक में विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की जाएगी।

### गजानन महाराज का प्रगट उत्सव आज से

**बैतूल।** समर्थ श्री गजानन महाराज का प्रगट दिनोत्सव आज शनिवार 7 फरवरी से धूमधाम से मनाया जाएगा। समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि रात्रि 8:30 बजे से सुंदरकांड का पाठ और रविवार प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक श्री जी का महाभिषेक, दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक भजन कीर्तन, सामूहिक हवन, शाम 5 बजे से महाप्रसाद वितरण, रात्रि 8 बजे श्री जी की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। समिति ने सभी से उपस्थिति का आग्रह किया है।

### जय बाघ देव बाबा मेला 10 से होगा प्रारंभ

**शाहपुर।** शाहपुर से बांका खोदरी मार्ग पर शाहपुर से लगभग 4 किलोमीटर दूर ठानीखेड़ा ग्राम के सामने पहाड़ पर यह बाघदेव बाबा का मेला 10 फरवरी मंगलवार से प्रारंभ होकर 12 फरवरी गुरुवार तक चलेगा। इस मेले में केवल भजन कार्यक्रम 10 फरवरी से शाम 6 बजे से 12 घंटे तक होंगे। जिसमें प्रत्येक भजन मंडल को 500 की राशि समिति के द्वारा दी जावेगी। मेला समिति के अध्यक्ष सुनील तिवारी और उपाध्यक्ष अंकित वर्मा होंगे। उनके द्वारा बताया गया है कि बैलगाड़ी पट प्रतियोगिता का भी कार्यक्रम 11 फरवरी से प्रारंभ होकर 12 फरवरी तक चलेगा। जिसमें प्रथम दिवस की शुल्क 150 और द्वितीय दिवस का बैलगाड़ी दौड़ प्रतियोगिता टिकट शुल्क 200 होगा। जिसका प्रथम इनाम 5001 रुपए द्वितीय नाम 3001 रुपए और तृतीय नाम 2001 रुपए है। प्रतियोगिता में 11 इनाम दिए जाएंगे। प्रथम दिवस का टिकट प्रथम दिवस ही मान्य होगा और द्वितीय दिवस का टिकट द्वितीय दिवस ही मान्य होगा। प्रतियोगिता के तुरंत बाद अपनी बैलगाड़ी का समय टिकट पर दर्ज कराना अनिवार्य है। समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। एक बैल पर एक ही इनाम दिया जावेगा। पट में स्वचालित घड़ी का उपयोग किया जावेगा। यह मेला ग्राम पंचायत कुंडी तहसील शाहपुर के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है।

### शिव बारात में जबलपुर की 8 दुल दुल घोड़ी और मयूर नृत्य का आकर्षण

**बैतूल।** 15 फरवरी को निकलने वाली देवाधिदेव भोलेनाथ की दिव्य शिव बारात इस बार और भी भव्य और आकर्षक रूप में नजर आएगी। श्री शंभू भोले सेवा उत्सव समिति के सदस्य बिट्टू ठाकुर ने बताया कि जबलपुर की प्रसिद्ध 8 दुल दुल घोड़ी और मनमोहक मयूर नृत्य की प्रस्तुति शिव बारात में विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। यह दल राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुका है और विभिन्न मंचों पर अपनी प्रस्तुति से ख्याति अर्जित कर चुका है। बिट्टू ठाकुर ने बताया कि पारंपरिक साज-सज्जा और कलात्मक प्रस्तुति के साथ 8 दुल दुल घोड़ी दल शिव बारात में शामिल होगा। इसके साथ मयूर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति श्रद्धालुओं को आकर्षित करेगी। समिति का मानना है कि इस प्रस्तुति से बारात का धार्मिक उल्लास और भी बढ़ेगा। बैतूल का प्रसिद्ध भारत धमाल ग्रुप अपने 50 साथियों के साथ धार्मिक भजनों की संगीतमय प्रस्तुतियां देगा। यह ग्रुप अजमेर, इंदौर, गोंदिया और नागपुर जैसे बड़े शहरों में अपनी प्रस्तुतियों से पहचान बना चुका है और अब शिव बारात में भक्ति संगीत की विशेष छटा बिखेरेगा। समिति के निक्की ठाकुर ने बताया कि जय सेवा डंडार मण्डल मरकखाना तहसील घोडाडोंगरी एक आदिवासी लोकनृत्य मंडल है। यह मंडल हरियाली अमावस्या यानी जिरौती त्यौहार के आसपास अपने नृत्य की शुरुआत करता था और दीपावली तक इसे संपन्न करता था, लेकिन अब आदिवासी परंपरा को मजबूती देने और संस्कृति के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से जिले की लगभग सभी तहसीलों में आयोजित डंडार प्रतियोगिताओं में भाग लेता है।

## चार माह पूर्व निर्मित सराय भवन की सुविधा को तरसे मरीजों के परिजन

# 50 लाख का सराय संचालन विहीन अटेंडर खुले में गुजार रहे दिन-रात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

जिला अस्पताल में मरीजों के परिजनों के रुकने के लिए 50 लाख रूपये से सराय भवन का निर्माण किया है। लेकिन अभी तक यह शुरू नहीं हो पाया है। मरीजों के परिजन इस 50 लाख के भवन के बाहर ही बैठे रहते हैं। बता दे कि करीब चार महीने पहले यह सराय भवन बनकर तैयार भी हो गया, लेकिन संचालन शुरू नहीं हुआ है। इसके पीछे कारण यह बताया जा रहा है कि जिला अस्पताल के पास पर्याप्त मानव संसाधन का अभाव है।

अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि सराये के संचालन के लिए अतिरिक्त स्टॉफ की आवश्यकता थी। इसके लिए शासन स्तर पर मांग भी की गई, लेकिन लंबे समय तक कोई जवाब नहीं मिला। स्टॉफ की कमी के चलते अस्पताल प्रशासन ने स्वयं सराये के संचालन को लेकर हाथ खड़े कर दिये। अब निजी संस्था के माध्यम से सराय संचालन कराने का प्रस्ताव बनाकर प्रशासन को भेजा गया है, ताकि किसी तरह इस सुविधा को शुरू किया जा सके। बता दे कि अस्पताल परिसर में ही करीब 60 लाख रुपए की लागत से सराय भवन बनाया गया। लेकिन संचालन शुरू नहीं होने के कारण अब तक इसके दरवाजे आमजन के लिए नहीं खुल सके हैं। इस स्थिति ने शासन की मंशा और प्रशासनिक कार्यप्रणाली दोनों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में आते हैं मरीज

जिला अस्पताल में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज आते है। इनमें ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीज भी शामिल है। जिन्हें आवश्यकतानुसार भर्ती किया जाता है। ऐसे में मरीजों के साथ आने वाले परिजन



अस्पताल परिसर या भर्ती वार्डो के सामने रात गुजारते थे। परिजनों को अक्सर कई-कई दिनों तक अस्पताल परिसर में ही रुकना पड़ता है। इसी समस्या को देखते हुए शासन द्वारा अस्पताल परिसर में सराय का निर्माण कराया गया था, ताकि परिजनों को सुरक्षित और सुविधाजनक ठहराव मिल सके, लेकिन सराय बनकर तैयार होने के बाद भी इसका उपयोग शुरू न हो पाना प्रशासनिक लापरवाही का उदाहरण बनता जा रहा है।

### शासन से की थी स्टाफ की मांग, नहीं मिला जवाब

जिला अस्पताल प्रशासन का कहना है कि सराय के संचालन के लिए अतिरिक्त स्टॉफ की आवश्यकता थी। इसके लिए शासन स्तर पर मांग भी की गई, लेकिन लंबे समय तक कोई जवाब नहीं मिला। स्टाफ की कमी के चलते अस्पताल प्रशासन ने स्वयं सराय संचालन करने में असमर्थता जताते हुए हाथ खड़े कर दिए। इसके बाद निजी संस्था के माध्यम से सराय संचालन कराने का प्रस्ताव बनाकर प्रशासन को भेजा गया है, ताकि किसी तरह इस सुविधा को शुरू किया जा सके। हालाकि अभी तक यह तय नहीं हो सका है कि सराय का संचालन किस संस्था के माध्यम से और किन शर्तों पर किया जाएगा।

### भवन तैयार, लेकिन संचालन अब तक शुरू नहीं

जिला अस्पताल भवन में निर्मित सराय के संचालन को लेकर अभी तक यह तय नहीं हो सका है कि सराय का संचालन किस संस्था के माध्यम से और किन शर्तों पर किया जाएगा। लेकिन जानकारी के अनुसार सराय भवन के लिए आवश्यक फर्नीचर, बेड, बिस्तर और अन्य सामग्री की खरीदी भी की जा चुकी है। इसके बावजूद संचालन की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई है। ऐसे में मरीजों के साथ आने वाले उनके परिजनों को ठहरने की उचित सुविधा नहीं मिल पा रही है। जागरूक नागरिकों का कहना है कि जिला अस्पताल में पहले से ही स्टॉफ की कमी बनी हुई है, ऐसे में करोड़ों रूपये की लागत से सराय का निर्माण, सार्वजनिक धन का उपयोग निष्क्रिय संपत्ति के रूप दिखाई पड़ रहा है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा पूर्व में ही सराय के संचालन के लिए योजना बनाई जानी थी।

### सराय भवन होने के बाद भी इधर-उधर काट रहे राते

जिला अस्पताल में मरीजों के परिजनों के लिए बनाया गया सराय भवन का संचालन शुरू नहीं होने के कारण मरीजों के परिजनों को इधर-उधर राते गुजारनी पड़ रही है। हालात यह है कि कोई भर्ती वार्ड के सामने सो कर राते गुजार रहा है तो कोई अस्पताल परिसर या बरामदे में सो रहे है। ठंड के मौसम में कई परिजन अस्पताल के बाहर जलाए गए अलाव के सहारे सोने को मजबूर होते हैं। बरसात और सर्दी के दौरान यह परेशानी और भी बढ़ जाती है। न उन्हें सुरक्षा मिल पाती है और न सुविधाएं। ऐसे में 60 लाख से बना सराय केवल औपचारिक बनकर रह गया है, क्योंकि संचालन के अभाव में यह भवन सिर्फ नाम मात्र की भूमिका निभा रहा है।

### लाखों खर्च के बाद भी नहीं मिल रहा इसका फायदा

बताया जा रहा है कि हाल ही में 10 लाख का पलंग, गद्दे, सीलिंग फेन समेत अन्य सामान भी यहां बुलवाए, लेकिन इसके बावजूद 15 कर्मचारियों का स्टाफ नहीं होने का हवाला अस्पताल प्रबंधन दे रहा है। वहीं इसके संचालन का प्रपोजल भेजने की बात कह रहा है लेकिन मरीजों के परिजन अब भी यहां इसी भवन के बाहर रुकते हैं। इस उम्मीद में कि कभी तो इसके ताले खुलेंगे। दो मैनेजर, दो सुरक्षा गार्ड, चार सफाईकर्मी, दो काउंटर कर्मचारी समेत 15 कर्मचारियों का स्टाफ नहीं होने के कारण 50 लाख का भवन और 10 लाख का सामान कुल 60 लाख के खर्च का कोई फायदा मरीजों के परिजनों को नहीं मिल रहा है। वे सराय के सामने ही सोते हैं।

**सामग्री कर ली गई...**

सराय के संचालन के लिए संस्था के निर्धारण का प्रस्ताव जिला प्रशासन को भेजा गया है। वहां से संस्था तय होने के बाद सराय का संचालन शुरू करा दिया जायेगा। सराय के लिए आवश्यक सामग्री क्रय कर ली गई है।

- **डॉ. जगदीश घोरे**, सिविल सर्जन जिला अस्पताल बैतूल

## युवक ने एसपी से की शिकायत

# लिव-इन पार्टनर को जबरन उठाकर ले जाने का आरोप

**मुलताई।** थाना क्षेत्र के ग्राम खल्ला निवासी 21 वर्षीय युवक चिनू पंडोले ने एसपी को एक लिखित आवेदन देकर गंभीर आरोप लगाए हैं। युवक ने अपने आवेदन में कहा है कि वह पिछले कुछ समय से अपनी सहमति से एक युवती के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहा था और दोनों 5 फरवरी को कोर्ट मैरिज करने वाले थे। आवेदन के अनुसार युवक पुणे, महाराष्ट्र में किराए के मकान में रहकर निजी कंपनी में काम कर रहा था। इसी दौरान युवती की रिश्तेदार बताई जा रही एक महिला पुलिस अधिकारी अन्य लोगों के साथ पुणे पहुंची और जबरन युवक और युवती को बैतूल लाने का आरोप लगाया गया है। युवक का दावा है कि इस दौरान उसके साथ मारपीट की गई और उसे धमकाया गया। युवक ने आवेदन में यह भी उल्लेख किया है कि बैतूल लाने के बाद उसे एक होटल और फिर पुलिस चौकी ले जाया गया, जहां भी उसके साथ मारपीट होने का आरोप है। युवक का कहना है कि उस पर दबाव बनाकर कथित रूप से कुछ लिखवाया और वीडियो बनवाया गया। आवेदन में जातिगत गालियां देने, जान से मारने की धमकी और परिवार के सदस्यों को डराने के आरोप भी लगाए गए हैं। युवक ने यह भी आरोप लगाया है कि इस पूरे घटनाक्रम के बाद से वह और उसका परिवार भय के माहौल में जीने को मजबूर हैं और जब शिकायत करने चौकी पहुंचे तो उनकी सुनवाई नहीं की गई। आवेदक ने कॉल रिकॉर्डिंग, लिव-इन रिलेशनशिप से जुड़े दस्तावेज और अन्य साक्ष्य देने का दावा किया गया है। मामले में युवक ने एसपी से निष्पक्ष जांच कराने, सीसीटीवी फुटेज देखने, संबंधित लोगों की भूमिका की जांच करने और स्वयं व परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है।

### पुराने विवाद को लेकर चाकूबाजी, युवक घायल

**बैतूल।** कोतवाली थाना क्षेत्र के तिलक वार्ड चौक स्थित एक किराना दुकान के पास शुक्रवार दोपहर बाद शेख इमरान (40), पिता मोहम्मद इकबाल, निवासी तिलक वार्ड पर तीन लोगों ने हमला कर दिया। इस हमले में इमरान चाकू लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हमलावरों और घायल के बीच पुराना विवाद चल रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद के दौरान आरोपियों ने शेख इमरान के पेट में चाकू मार दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई। स्थानीय लोगों ने तत्काल घायल को जिला चिकित्सालय पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद, इमरान की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए भोपाल रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि दोनों पक्षों के बीच पहले भी विवाद हो चुका था, जिसके कारण यह हमला हुआ। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### करंट लगने से किसान की मौत

**बैतूल।** आमढाना चुनालोमा गांव में खेत में पानी देने गए एक किसान की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान 44 वर्षीय चिरौंजी पिता रामलाल मसकोले के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, किसान चिरौंजी अपने खेत में सिंचाई करने गए थे। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खेत जाकर देखा, जहां वह गेहूं के खेत में मृत अवस्था में पाए गए। बताया जा रहा है कि किसान के खेत में बिजली के पोल से मोटर तक तार ले जाया गया था। बांस के सहारे स्टार्टर तक ले जाई गई इसी बिजली लाइन का तार कटा हुआ था। इसी कटे हुए तार के संपर्क में आने से किसान करंट की चपेट में आ गया। घटना की सूचना मिलने पर खेड़ी चौकी पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। एसआई राकेश सरेआम ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। किसान मौके पर बिजली के तार में उलझा हुआ मिला था।

## सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पर कलेक्टर ने की सख्त कार्रवाई

**नॉन अटेंड शिकायतों में 37 अधिकारियों पर गिरी गाज**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

सीएम हेल्पलाइन की नॉन अटेंड शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पर कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने सख्त कार्रवाई की है। उन्होंने नॉन अटेंड रही शिकायतों के दिनों के आधार पर अधिकारियों का फरवरी माह का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। जिसके अनुसार एमपी स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पो लि. बैतूल जिला प्रबंधक विख्यात हिडोंलिया का 9 दिनों का वेतन, मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड वितरण केन्द्र बोरदेही सहायक प्रबंधक संतोष कुमार चंदेल का 7 दिन का वेतन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बैतूल सुश्री शिवानी राय का 6 दिन का वेतन तथा सचिव कृषि उपज मंडी समिति सुरेश कुमार परते का 6 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए है। इसी प्रकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत घोड़ाडोंगरी सुश्री तीजा पवार का 5 दिन का वेतन, श्रम पदाधिकारी धम्मदीप भगत का 5 दिन का वेतन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मुलताई धर्मपाल सिंह मरकाम का 5 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए है। मुलताई प्रभारी तहसीलदार संजय बरैया का 4 दिन का वेतन, लोक निर्माण विभाग कार्यपालन यंत्री सुश्री प्रीति पटेल का 4 दिन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड भैंसदेही प्रभारी सहायक यंत्री निखिल जैन का 4 दिन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी बैतूल कार्यपालन यंत्री मनोज कुमार बघेल का 4 दिन का वेतन तथा प्रभारी तहसीलदार चिचोली पीएस दीवान का 3 दिन का वेतन, प्रभारी तहसीलदार भैंसदेही भगवान दास कुमरे का 3 दिन का वेतन, मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड वितरण केंद्र भीमपुर के सहायक प्रबंधक क्षितिज मरावी का 3 दिन का वेतन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास बैतूल के उपसंचालक डॉ.आनंद कुमार बड़ोनिया का 3 दिन का वेतन तथा ऊर्जा विभाग के सहायक प्रबंधक सीएल सकोम का 3 दिन का वेतन काटे जाने के निर्देश दिए हैं।

### किसी का काटा वेतन तो किसी को नोटिस

इसके अलावा मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड परियोजना क्रियान्वयन इकाई भोपाल सहायक परियोजना प्रबंधक श्री राहुल समाधिया का 2 दिन का वेतन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड शाहपुर के सहायक यंत्री योगेश धुर्वे का 2 दिन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत प्रभात पट्टन सुश्री आंचल पवार का 2 दिन का वेतन तथा ई गवर्नेंस शाहपुर सहायक प्रबंधक सुश्री सविता कासदे का 1 दिन का वेतन, जिला शहरी विकास अभिकरण बैतूल के परियोजना अधिकारी सतीश मटसेनिया का 1 दिन का वेतन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग बैतूल के सहायक ई गवर्नेंस प्रबंधक राजीव कुंभारे का 1 दिन, महिला एवं बाल विकास परियोजना बैतूल ग्रामीण के परियोजना अधिकारी निर्मल सिंह ठाकुर का 1 दिन का वेतन, महिला एवं बाल विकास परियोजना प्रभात पट्टन की परियोजना अधिकारी सुश्री वीरमति उबनारे का 1 दिन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभात पट्टन के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप धुर्वे का 1 दिन, जनपद शिक्षा केंद्र बैतूल के विकासखंड स्त्रोत समन्वयक दुर्गेश रघुवंशी का 1 दिन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड मुलताई के प्रभारी सहायक यंत्री राजेश गौर का 1 दिन का वेतन, लोक निर्माण विभाग उप संभाग बैतूल के अनुविभागीय अधिकारी दरदिनव परमार का 1 दिन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाडे का 1 दिन का वेतन, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आमला गोपाल साहू का 1 दिन, मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड आमला नगर जोन प्रबंधक विलास कुमार उइके का 1 दिन का वेतन, ताप्ती सामान्य बैतूल उपवन मंडल अधिकारी देवानंद पांडे का 1 दिन, जिला परिवहन अधिकारी अनुराग शुक्ला का 1 दिन, मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड वितरण केंद्र सावलमेंढा के सहायक प्रबंधक जलज वायकर का 1 दिन का वेतन, उपायुक्त सहकारिता विभाग केके शिव का 1 दिन का वेतन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी सहकारिता विभाग बैतूल कुमारी परिधी अग्रवाल का 1 दिन का वेतन काटे जाने के निर्देश दिए हैं।

## अवैध कोयला परिवहन पर पाथाखेड़ा पुलिस की कार्रवाई, ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त



**सारनी।** पाथाखेड़ा पुलिस ने अवैध रूप से कोयले का परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जप्त कर सख्त कार्रवाई की है। यह कार्रवाई थाना सारनी क्षेत्र अंतर्गत की गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 05 जनवरी 2026 को छतस्पुर-02 खदान के पीछे दुमकाढाना कच्चे रास्ते पर एक बिना नंबर का नीले-सफेद रंग का स्वराज 735 एफई ट्रैक्टर-ट्रॉली संदिग्ध अवस्था में आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस को देखकर चालक ने ट्रैक्टर को तेज गति से दुमकाढाना की ओर भगाना शुरू कर दिया। पाथाखेड़ा पुलिस द्वारा पीछा किए जाने पर चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली को रास्ते में छोड़कर जंगल की ओर फरार हो गया। पुलिस द्वारा मौके पर ट्रैक्टर-ट्रॉली की जांच करने पर उसमें कोयले की चूरी भरी हुई पाई गई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 20 हजार रुपये बताई जा रही है। मामले में बिना नंबर ट्रैक्टर के अज्ञात चालक के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। पुलिस ने प्रयुक्त स्वराज 735 एफई ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित कोयला जप्त किया है, जिसकी कीमत लगभग 8 लाख 20 हजार रु है। इसमें निरीक्षक जयपाल इनवाती (थाना प्रभारी सारनी), उपनिरीक्षक मनोज कुमार उईके (चौकी प्रभारी पाथाखेड़ा), सउनि अजय भाट, प्रधान आरक्षक मनोज डेहरिया, आरक्षक राकेश करपे एवं आरक्षक चालक नितिन यादव शामिल रहे।

## ग्रामवासियों ने आरक्षित वन घोषित करने के निर्णय पर जताई नाराजगी

**शाहपुर।** तहसील अंतर्गत ग्राम भातना, छिमरी और अन्य गांवों के रहवासियों ने आरक्षित वन घोषित करने के निर्णय पर नाराजगी जताया है। ग्रामवासियों का आरोप है कि उनके गांवों की दखल रहित भूमि को आरक्षित वन घोषित करने का निर्णय लिया गया है, जिससे उनके पालतू पशुओं के चरने के लिए उपलब्ध भूमि कम हो जाएगी और उनकी जीवनशैली पर विपरीत असर पड़ेगा।

ग्राम भातना की जमीन रकबा 8.498 हेक्टेयर है, जिसमें खसरा नंबर 52, 66, 81, 82 शामिल हैं। ग्राम छिमरी की जमीन रकबा 43.059 हेक्टेयर है, जिसमें खसरा नंबर 01 शामिल है। ग्रामवासी गमरसा पिता हीरालाल ककोडिया,



सलभत उइके, कमल लेकाम, अशोक उईके, रूपेश उइके, रसा, फूलवती, हरलालसुरेश, उसके दीपचंद बाबूराम, छोटूराम और अन्य शामिल हैं, जिन्होंने निर्णय के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। आदिवासी नेता हेमंत सरयाम ने भी इस निर्णय पर आपत्ति जताई है और कहा है कि यह आदिवासियों के अधिकारों का हनन है। उन्होंने कहा कि ग्रामवासियों की मांगों को सुनना और उनका समाधान करना आवश्यक है। ग्रामवासियों ने मांग की है कि उनकी दखल रहित भूमि को आरक्षित वन घोषित करने का निर्णय निरस्त किया जाए और उनकी भूमि को यथावत चरनोई भूमि के रूप में रखा जाए।

### 7,439 किसानों से कुल 51,396.94 मीट्रिक टन धान का उपार्जन

**बैतूल।** मप्र स्टेट सिविल सप्लाइज कॉर्पोरेशन के जिला प्रबंधक विख्यात हिंडोलिया ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले के 7,439 किसानों से कुल 51,396.94 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया। इसमें से 51,384.15 मीट्रिक टन धान को विधिवत गोदामों में जमा कर लिया गया है। जमा किए गए धान के लिए स्वीकृति पत्रक एवं वेयरहाउस रसीद भी जारी की जा चुकी हैं। जिला प्रबंधक के अनुसार उपार्जित और जमा धान की मात्रा में केवल 12.7 मीट्रिक टन का अंतर पाया गया है, जो धान में नमी की मात्रा कम होने एवं सुखत के कारण होने वाली स्वाभाविक प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि समाचार पत्रों में प्रकाशित 891 क्विंटल धान गायब होने की खबर पूर्णतः निराधार है। धान खरीदी, भंडारण एवं संधारण की पूरी प्रक्रिया शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार की गई है।



### परीक्षा पे चर्चा का आयोजन

**बैतूल।** बीआर अम्बेडकर महाविद्यालय के सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परीक्षा पे चर्चा 2026 का प्रसारण किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षक एवं विद्यार्थीगण मौजूद रहे।

## भीमपुर में फसल सूखने की कगार पर, ठेकेदार पर गंभीर आरोप

# आदिवासी किसानों से की ट्रांसफार्मर की धोखाधड़ी, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

विद्युत ट्रांसफार्मर लगाने के नाम पर ठेकेदार द्वारा शुल्क वसूलने के बावजूद विद्युत विभाग को हैंडओवर नहीं किए जाने से भीमपुर विकासखण्ड के ग्राम खैरा, नहरपुर और बालु के आदिवासी किसानों की बिजली काट दी गई, जिससे सिंचाई ठप होने के कारण फसलें सूखने की कगार पर पहुंच गईं और मामले को लेकर जय आदिवासी युवा शक्ति ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की। इस मामले में जय आदिवासी युवा शक्ति जयस के प्रदेश संयोजक जामवंत सिंह कुमरे के निर्देश पर जयस युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सोनू धुर्वे के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा



गया, जिसमें विद्युत ठेकेदार द्वारा आदिवासी किसानों के साथ की गई धोखाधड़ी की शिकायत की गई है। ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम खैरा, नहरपुर, बालु, विकासखण्ड भीमपुर के गरीब आदिवासी किसान कान्स वल्द जुमला बारस्कर, लाखाजी पिता बुद्ध बारस्कर सहित अन्य किसानो ने विद्युत ठेकेदार राजेन्द्र कौशल निवासी हरदा को खेतों में विद्युत ट्रांसफार्मर लगाने का ठेका दिया था। ठेकेदार द्वारा कुल चार ट्रांसफार्मर लगाए गए। साथ ही ट्रांसफार्मर को विद्युत विभाग को हैंडओवर करने की बात तय हुई थी, जिसके लिए ठेकेदार द्वारा मांगा गया शुल्क किसानों ने पहले ही अदा कर दिया। आरोप है कि शुल्क लेने के बावजूद ठेकेदार राजेन्द्र कौशल ने ट्रांसफार्मर विद्युत विभाग को हैंडओवर नहीं किए। इसके चलते विद्युत विभाग के अधिकारियों ने खेतों में लगे ट्रांसफार्मरों की बिजली काट दी। बिजली बंद होने से किसानों की सिंचाई पूरी तरह रुक गई है और फसलें सूखने की स्थिति में पहुंच गई हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि विद्युत विभाग द्वारा ठेकेदार के विरुद्ध मोहदा थाना में एफआईआर दर्ज कराने हेतु पत्र जारी किया जा चुका है। इसके बावजूद अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। जयस ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि ठेकेदार राजेन्द्र कौशल से तत्काल ट्रांसफार्मर विद्युत विभाग को हैंडओवर कराए जाएं तथा मासूम और अशिक्षित आदिवासी किसानों के साथ धोखाधड़ी करने के मामले में ठेकेदार के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

**खबर संक्षेप**

## नपा अध्यक्ष ने पौधरोपण कर मनाया जन्मदिन



**पिपरिया।** नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल का जन्मदिन नगर पालिका परिषद के गार्डन परिसर में सादगीपूर्ण ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में विधायक ठाकुरदास नागवंशी, महिला मोर्चा जिला महामंत्री ममता नागवंशी, नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी सहित अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं पार्षद उपस्थित रहे। साथ ही नगर पालिका परिषद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर.पी. नायक सहित सभी अधिकारी-कर्मचारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर अध्यक्ष नीना नवनीतनागपाल के नेतृत्व में पौधरोपण किया गया तथा वृद्धाश्रम में जाकर फल वितरण किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। सुबह से ही बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। कार्यक्रम के अंत में केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। सभी ने यह संदेश दिया कि जन्मदिन जैसे अवसरों पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया जाना चाहिए।

### जीआरपी ने एक लाख 86 हजार रुपए का माल जब्त किया

# प्लेटफार्म छोर पर महिला यात्रियों के गले से मंगलसूत्र झपटते थे आरोपी

इटारसी रेलवे स्टेशन पर महिला यात्रियों के साथ झपटमारी करने वाले दो शातिर बदमाशों को जीआरपी ने गिरफ्तार किया है।आरोपी चलती या धीमी ट्रेन से महिला यात्रियों के गले से मंगलसूत्र झपट कर फरार हो जाते थे। जीआरपी इटारसी ने विशेष अभियान के तहत दोनों आरोपियों के कब्जे से 1 लाख 86 हजार रुपये का चोरी का माल बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद केंद्रीय जेल नर्मदापुरम भेज दिया गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

इटारसी में महिला यात्रियों के साथ झपट्टा मारी करने वाले दो शातिर बदमाश अरेस्ट किए गए हैं जिनसे 1 लाख 86 हजार का माल जब्त हुआ है। बदमाश ट्रेन प्लेटफार्म छोड़ती या सिग्नल के पास धीमी होती आरोपी प्लेटफार्म के छोर पर खड़े हो जाते और पलक झपकते ही महिला यात्रियों के गले से मंगलसूत्र झपट कर अंधेरे का फायदा उठा कर फरार हो जाते थे। थाना क्षेत्र में हो रही महिला यात्रियों के साथ झपटमारी की घटनाओं की रोकथाम के बाद राहुल कुमार लोढ़ा , पुलिस अधीक्षक रेल भोपाल द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान में जीआरपी थाना इटारसी को बड़ी सफलता मिली है । अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेल भोपाल श्रीमति नीतू सिंह डावर एवं उप पुलिस अधीक्षक रेल इटारसी महेंद्रसिंह कुल्हारा के निर्देशन में जीआरपी इटारसी थाना प्रभारी



संजय चौकसे के नेतृत्व मे इटारसी पुलिस को अपराध क्रमांक 94/2026 धारा 304(2) बीएनएस एवं अप क्र 781/25 धारा 304 बीएनएस मे चोरी गये मशरुका सहित कुल कीमती 1,86,000 बरामद करने में सफलता प्राप्त हुई है । फरियादी सोमवारी गुप्ता ने 1 फरवरी को ट्रेन 11071 कामायनी एक्स के कोच एस 4 बर्थ नं 78 पर अपने परिवार के साथ पुणे से फूलपुर की यात्रा कर रही थी । उनका एक मंगलसूत्र वजनी करीबन एक तोला कीमती 75,000 रूपये को गले से खींचकर चलती ट्रेन से नीचे कूद गया । मामला विवेचना में लिया गया । अधिकारियों द्वारा मामले को तत्काल संज्ञान में लेकर थाना प्रभारी संजय चौकसे को अज्ञात आरोपी व मशरुका की बरामदगी विशेष निर्देश देकर एक विशेष टीम गठित की गई । जिसमें उप निरीक्षक श्रीलाल पड़रिया ,प्र आर रानु अतुलकर ,आर दीपक सेन ,आर योगेश दीक्षित ,आर अमित कुशवाह व आरपीएफ के प्रधान आरक्षक सूरज सिंह तोमर भोपाल को शामिल किया गया । गठित उक्त टीम द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रकरण से संबंधित सभी तथ्यों का बारीकी से विश्लेषण कर मामले का लगातार अनुसंधान किया गया। 5 फरवरी को विश्वशनीय मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई कि इटारसी आउटर पर दो लड़के संदिग्ध अवस्था में बैठे है पुलिस के पहुंचते देखा तो पुलिस को आता देख भागने लगे जिन्हे घेराबंदी कर पकड़ा गया । सोनू अहिरवार बंदी छोड़ पिपरिया दूसरे ने अपना नाम आशीष कुशवाह ललितपुर उत्तरप्रदेश का रहना बताया । आरोपियों के कब्जे से कुल दो मंगलसूत्र व उन्नीस दाने सोने के कीमती 1,86,000 रूपये के विधिवत जप्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया । जहां से माननीय न्यायालय द्वारा दोनों आरोपियों को केंद्रीय कारागार नर्मदापुरम भेज दिया गया है।

# एसआई रजक के पुत्र की ईमानदारी बनी मिसाल

## मोबाइल एवं पर्स लौटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर में ईमानदारी की एक अनूठी मिसाल देखने को मिली है। यहां एक पुलिस उपनिरीक्षक के पुत्र ने सब्जी बाजार में मिला कीमती मोबाइल और नकदी थाने में जमा कराकर उसे उसके असली मालिक तक पहुंचाया। जानकारी के अनुसार, जमानी रोड स्थित वर्मा कॉलोनी निवासी श्याम महतो का मोबाइल फोन स्थानीय सब्जी बाजार में कहीं गिर गया था। खास बात यह थी कि मोबाइल के कवर में 1300 रुपये भी रखे हुए थे। मोबाइल गुम होने से श्याम महतो काफी परेशान थे और उसे ढूंढने का प्रयास कर रहे थे।

### मयंक रजक ने पेश की ईमानदारी

यह मोबाइल और उसमें रखे पैसे थाना इटारसी में पदस्थ उपनिरीक्षक केएन रजक के पुत्र मयंक रजक को प्राप्त हुए। मयंक ने बिना किसी लालच के तत्काल उस मोबाइल को थाना इटारसी में जमा करा दिया।



### थाने पहुंचकर मालिक को मिला सामान

पुलिस द्वारा सूचित किए जाने पर श्याम महतो थाना इटारसी पहुंचे, जहां वैधानिक प्रक्रिया के बाद उन्हें उनका मोबाइल और कवर में रखे 1300 रुपये सुरक्षित वापस सौंप दिए। अपना खोया हुआ सामान वापस पाकर श्याम महतो के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। उन्होंने मयंक रजक की इस ईमानदारी और परवरिश की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। समाज में आज भी मयंक जैसे युवाओं की वजह से ईमानदारी जीवित है। पुलिस विभाग के परिवार से जुड़े युवा द्वारा ऐसा उदाहरण पेश करना गर्व की बात है।

### आज 5 घंटे बिजली बंद रहेगी


**माखननगर।** सड़क चौड़ीकरण कार्य के लिए माखननगर शहर में लाइन शिफ्टिंग का कार्य किया जाना है विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड माखन नगर के जेई गोस्वामी ने बताया शनिवार 7 फरवरी को शिफ्टिंग का कार्य होना है इसलिए 11 के वी माखन नगर शहर की विद्युत सप्लाई सुबह 11 बजे से 4 बजे तक बंद रहेगी।

# सोहागपुर को नहीं मिला ट्रेन का स्टॉपेज

## भाजपा नेताओं सहित नागरिकों ने किया कटाक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नर्मदापुरम-नरसिंहपुर सांसद दर्शन सिंह चौधरी के प्रयासों से लोकसभा क्षेत्र के बोहानी रेलवे स्टेशन पर इंटरसिटी एक्सप्रेस स्टॉपेज की सुविधा मिली है। जिसके बाद अब सोहागपुर में सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधियों को लेकर रोष का भाव है। विपक्ष ने इस बात को लेकर सत्ता पक्ष को आड़े हाथों लिया है व सोशल मीडिया पर इसे सोहागपुर के अनदेखी बताया है। वहीं भाजपा से जुड़े पूर्व एवं वर्तमान जनप्रतिनिधियों सहित कार्यकर्ता भी इस बात को लेकर असंतुष्ट हैं कि सोहागपुर विधानसभा मुख्यालय को इंटरसिटी ट्रेन स्टॉपेज नहीं मिला है। सत्ता पक्ष के नेता व कार्यकर्ता खुलकर नहीं बोल पा रहे हैं। लेकिन उनमें भी इस बात को लेकर




नाराजगी है कि लगातार लंबे समय से सोहागपुर में ट्रेन स्टॉपेज की मांग की जा रही है और यह नहीं हो पा रहा है। जबकि सोहागपुर विधानसभा का मुख्यालय है।

### मढ़ई का मिलना चाहिए लाभ

नागरिकों के अनुसार इंटरसिटी एक्सप्रेस बहुत महत्वपूर्ण ट्रेन है। जिसके स्टॉपेज से सोहागपुर को बहुत लाभ हो सकता है। मामले में नागरिकों का कहना है कि सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की टूरिज्म जोन मढ़ई सोहागपुर रेलवे स्टेशन से लगभग 18 किलोमीटर दूर है। जहां प्रतिवर्ष हजारों देशी-विदेशी पर्यटक आते हैं। मढ़ई क्षेत्र को देखते हुए सोहागपुर को सभी ट्रेनों के स्टॉपेज का लाभ मिलना चाहिए। नागरिकों का कहना है कि सोहागपुर काओ अमृत स्टेशन या पर्यटन स्टेशन घोषित किया जाना चाहिए। लेकिन सोहागपुर इन लाभों से वंचित है।

# पिपरिया में सब्जी विक्रेताओं के लिए नई व्यवस्था की



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगर पालिका क्षेत्र में कई विकास कार्यों के साथ-साथ सड़कों का कायाकल्प भी किया जा रहा है। पचमढ़ी रोड पर सब्जी मंडी जैसी दुकानें सड़कों के किनारे लगती हैं, जिससे शहर में आवागमन में परेशानी हो रही है।

इसके समाधान हेतु, प्रशासन से अनुरोध किया गया है कि सब्जी विक्रेताओं को उचित स्थान उपलब्ध कराया जाए। नगर पालिका अध्यक्ष, नीना नवनीत नागपाल ने बताया कि इस संदर्भ में एक प्लान तैयार किया गया है। सब्जी विक्रेताओं को बिजली खंभों के पास पौधे लगाकर दुकान लगाने की जगह दी जाएगी, जिससे शहर की सुंदरता में वृद्धि होगी और यातायात की समस्याओं का समाधान होगा।

# सुखतवा कॉलेज में कथकली: हाव-भाव और मुद्राओं से जीवंत हुई पौराणिक कथाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

भगवान बिरसा मुंडा शासकीय महाविद्यालय सुखतवा में उस समय केरल की समृद्ध संस्कृति जीवंत हो उठी, जब भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत स्पीक मैके चैप्टर इटारसी के सहयोग से कथकली कलाकारों ने अपनी जादुई प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में कलाकारों की जुगलबंदी ने विद्यार्थियों और स्टाफ को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### मौन भाव से रामायण-महाभारत का चित्रण

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. नीता राजपूत, स्पीक मैके समन्वयक सुनील बाजपेई और राष्ट्रपति से संगीत नाट्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त प्रख्यात कलाकार कोट्टककल नंदकुमारुन नायर द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य प्रस्तुति के दौरान कलाकारों ने बिना बोले, केवल चेहरे के हाव-भाव (मुखज अभिनय) और हाथों की मुद्राओं (हस्त लक्षण) के जरिए नृत्य की बारीकियों को समझाया। विस्तृत वेशभूषा और विशिष्ट श्रृंगार में सजे कलाकारों ने जब मंच पर पौराणिक प्रसंगों को जीवंत किया, तो पूरा हॉल तालियों की गडग़ड़ाहट से



गूंज उठा। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. नीता राजपूत ने कहा कि कथकली 400 साल पुरानी शास्त्रीय नृत्य परंपरा है। यह मौन रहकर भी पुराणों, महाभारत और रामायण की कथा कहने की एक अद्भुत और प्रभावशाली विधा है। कोट्टककल नंदकुमारुन नायर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त इस कलाकार ने विद्यार्थियों को नृत्य की तकनीकी खूबियों और इसके सांस्कृतिक महत्व से रूबरू कराया। संचालन डॉ. सौरभ तिवारी ने किया, जबकि अंत में संध्या उपाध्याय ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस सांस्कृतिक समागम में महाविद्यालय का समस्त शैक्षणिक स्टाफ और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे, जिन्होंने भारतीय शास्त्रीय कला के इस अनूठे संगम का आनंद लिया।

## अंतरराष्ट्रीय सेस्टोबॉल टीम में जिले के खिलाड़ी दुबई में दिखाएंगे दम



**इटारसी।** खेल जगत से जिले के लिए गौरवशाली क्षण आया है। दुबइ में 11 से 16 फरवरी तक होने वाले अंतरराष्ट्रीय सेस्टोबॉल टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम में नर्मदापुरम के साहिल सिंह सिसोदिया और वेदांत पटेल का चयन हुआ है। साहिल पूर्व में विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा रह चुके हैं, जबकि मेहरागांव निवासी वेदांत राष्ट्रीय स्तर के पदक विजेता खिलाड़ी हैं। खिलाडिय़ों का प्रशिक्षण शिविर 6 फरवरी से हैदराबाद में लगेगा। कोच उत्कर्ष मालवीय और खेल प्रेमियों ने इस उपलब्धि पर हर्ष जताया है।

# पुरातत्वविद नारायण व्यास को पद्मश्री सम्मान की घोषणा, भव्य अभिनंदन हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रसिद्ध पुरातत्वविद् श्री नारायण व्यास को भारत सरकार द्वारा वर्ष 2026 के पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गयी है। यह सम्मान भारतीय इतिहास, सभ्यता और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण में उनके दशकों लंबे योगदान की राष्ट्रीय स्वीकृति है।

रविन्द्र पुस्तकालय एवं शोध संस्थान के शुभारंभ अवसर पर नर्मदापुरम पधारे डॉ. व्यास का अभिनंदन किया गया साथ ही सुप्रसिद्ध इतिहासकार डॉ. हंसा व्यास की नवीन कृति ऐतिहासिक विरासत एवं पर्यटन का विमोचन भी संपन्न हुआ। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. कृष्णगोपाल मिश्र ने कहा कि व्यास



ने अपने जीवन का अधिकांश समय देश के विभिन्न दुर्गम क्षेत्रों में प्राचीन स्थलों, शिलालेखों और ऐतिहासिक अवशेषों के अध्ययन एवं संरक्षण में समर्पित किया। उनके शोध कार्यों ने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. हंसा व्यास ने किया। इस अवसर पर गोपीकांत घोष, बलराम शर्मा, डॉ. संतोष व्यास, कमलेश सक्सेना, डॉ. कल्पना विश्वास, रमेशचंद्र गार्गव, खेमचंद्र यादवेश, प्रगति दुबे, कपिल गौर, शिवम शिवहरे, पुलकित दुबे, प्रियंका सोनी, हेमंत शर्मा, अंकित शर्मा,श्याम बिजोरिया, सुमेर आदि बड़ी संख्या में शोधार्थी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम की जिला स्तरीय बैठक, कई मुद्दों पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम, 1989 के तहत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की जिला स्तरीय बैठक शुक्रवार को कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सोनिया मीना की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई।

बैठक में एसपी साई कृष्ण एस थोटा, अपर कलेक्टर अनिल जैन, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग नागवंशी सहित समिति से जुड़े समस्त संबंधित अधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग एवं समिति के सदस्य



सचिव द्वारा निर्धारित एजेण्डा के अनुसार बिन्दुवार जानकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई। इस दौरान अधिनियम के अंतर्गत दर्ज प्रकरणों के अन्वेषण की स्थिति, न्यायालय में लंबित प्रकरणों के अभियोजन, अत्याचार पीड़ितों को दी जा रही राहत राशि, यात्रा भत्ता एवं अन्य सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर सोनिया मीना ने निर्देश दिए कि राहत संबंधी प्रकरणों में पीड़ितों को शीघ्र राहत राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। अनावश्यक कागजी कार्यवाही के कारण किसी भी प्रकार की देरी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अधिनियम अंतर्गत सभी आवश्यक कार्यवाहियां शासन के नियमानुसार निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण की जाएं। कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि जाति प्रमाण पत्र के अभाव में कोई भी प्रकरण लंबित न रहे। इसके लिए विकासखण्ड स्तरीय समितियों एवं संबंधित थानों के साथ समन्वय स्थापित कर जाति प्रमाण पत्र से संबंधित आवश्यक कार्यवाही समय पर की जाए। साथ ही विकासखण्ड स्तरीय समितियों की बैठक प्रत्येक त्रैमास में अनिवार्य रूप से आयोजित की जाए। बैठक में न्यायालय स्तर पर लंबित एवं बरी किए गए प्रकरणों की भी समीक्षा की गई तथा आवश्यक होने पर अपील की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला स्तरीय समिति द्वारा एजेण्डा अनुसार सभी बिन्दुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई।

## निर्देशिका में मध्य प्रदेश के तैलिक साहू समाज के अधिवक्ताओं का विस्तृत विवरण

# विधिक सहायता के लिए 1515 अधिवक्ताओं का सशक्त नेटवर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

तैलिक साहू समाज के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ गया है। गुवाहाटी (असम) में आयोजित अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में संदर्भ मध्य प्रदेश : अधिवक्ता निर्देशिका 2025-26 का विमोचन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री महाराष्ट्र जयदत्त क्षीरसागर ने इस निर्देशिका का विमोचन करते हुए इसे समाज के लिए एक मील का पत्थर बताया।

### विधिक सहायता के लिए 1515 अधिवक्ताओं का साथ

इस डायरेक्टरी के प्रधान संपादक और महासभा के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष एडवोकेट रमेश के. साहू इटारसी ने बताया कि इस निर्देशिका में मध्य प्रदेश के तैलिक साहू समाज के 1515 अधिवक्ताओं के नाम और विवरण दर्ज किए हैं। इसका मुख्य उद्देश्य सामाजिक बंधुओं को आवश्यकता पडऩे पर सुलभ विधिक सहायता उपलब्ध कराना है। इस अनूठी पहल



की प्रति नई दिल्ली में राज्यसभा सांसद एवं पूर्व एडिशनल एडवोकेट जनरल विवेक कृष्ण तनख़ा को भी भेंट की गई।

### प्रेरणा से होगा अन्य डायरेक्टरी का प्रकाशन

राष्ट्रीय अध्यक्ष क्षीरसागर ने रमेश के. साहू के इस सामाजिक योगदान की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। उन्होंने अन्य प्रकोष्ठों को भी इसका अनुकरण करने की सलाह दी। इसके सकारात्मक परिणाम स्वरूप, समाज के डॉक्टरों एवं अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ की डायरेक्टरी प्रकाशित करने की भी घोषणा की गई, जो समाज की एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इस डायरेक्टरी के निर्माण में पूर्व शासकीय अधिवक्ता सुबोध कठर एवं एडवोकेट ऐश्वर्य पार्थ साहू हाईकोर्ट जबलपुर ने विशेष तकनीकी सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर महामंत्री रामलाल गुप्ता लखनऊ, अपर महामंत्री डॉ. अरुण भस्मै, कोषाध्यक्ष अमनेंद्र साहू, असम अध्यक्ष कमलेश कुमार साहू सेवानिवृत्त जज, यूपी अध्यक्ष सिद्ध गोपाल साहू, पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू, पूर्व विधायक डॉ. सियाराम, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप साहू विधायक, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष आभा साहू, राष्ट्रीय संगठन सचिव उमेश साहू ओज और राष्ट्रीय संयुक्त सचिव मयंक मनोहर साहू मौजूद रहे।

# नवगीतों की गूंज से ऋषिकुल संगीत विद्यालय हो गया सराबोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नवगीत कुटुम्ब व्हाट्सऐप समूह के आवाहन पर आज ऋषिकुल संगीत विद्यालय भवन में नवगीत दिवस समारोह एवं काव्य गोष्ठी का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वैभव शर्मा मुख्य अतिथि, पंडित गिरिमोहन गुरु विशेष अतिथि तथा शास्त्री नित्य गोपाल कटारे अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ शास्त्री नित्य गोपाल कटारे द्वारा पंडित गिरिमोहन गुरु के नवगीतों पर डॉ. जगदीश व्योम एवं डॉ. कृष्ण गोपाल मिश्र द्वारा लिखित आलेखों के वाचन से हुआ। इसी क्रम में प्रदीप दुबे के नवगीतों पर उदय सिंह 'अनुज' द्वारा लिखित आलेख का



वाचन वरिष्ठ कवि बाबूलाल कदम ने किया।इसके पश्चात पंडित गिरिमोहन गुरु एवं प्रदीप दुबे ने अपने-अपने नवगीतों की प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ देकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में कवियित्री रेखा कुमुद सहित कवि शास्त्री नित्य गोपाल कटारे, बाबूलाल कदम, रामसेवक शर्मा, खेमचंद यादवेश, मनोज परसाई, बृजमोहन दुबे, प्रमोद शर्मा, एलएस राजौरिया एवं अयोध्या प्रसाद यादव ने अपनी कविताओं का पाठ किया। कार्यक्रम का सशक्त संचालन बाबूलाल कदम ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन रामविलास मेहरा द्वारा किया गया। आयोजन की सफलता में आनंद नामदेव एवं संदेश दुबे का उल्लेखनीय योगदान रहा।

**खबर संक्षेप**

### 4 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को नोटिस

**हरदा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ जैन ने विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 - लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी के प्रकरणों के सत्यापन कार्य में लापरवाही बरतने पर विधानसभा क्षेत्र 134-टिमरनी के 4 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को नोटिस जारी किये है। जिन अधिकारियों को नोटिस जारी किये गये है, उनमें उपवनक्षेत्रपाल वनमण्डल हरदा सुकुमार उइके व रामलाल मरापे, पशु चिकित्सा अधिकारी भावना रानी तथा उपयंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मधुर सक्सेना शामिल है। सभी संबंधित अधिकारियों को सूचना प्राप्ति के 24 घंटे के अंदर समक्ष में उपस्थित होकर अपना प्रति उत्तर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये है। जवाब संतोषप्रद न होने की स्थिति में संबंधित के विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

### मदिरा के अवैध विक्रय के 13 प्रकरण दर्ज

**हरदा।** आबकारी विभाग के गुरूवार को मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि इस दौरान आबकारी विभाग के दल ने जिले के आलमपुर, टेमागांव, डोलरिया, बरूड़घाट, भादूगांव, अंधेरीखेड़ा, पीलियाखाल तथा फाइल वार्ड में दबिश दी। दबिश के दौरान कुल 39 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 1340 किलोग्राम महुआ लहान जप्त कर आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 13 प्रकरण दर्ज किये। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 141800 रूपये है।

### रोजगार मेला युवा संगम 12 को

**हरदा।** निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये शासकीय आईटीआई हरदा में एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले युवा संगम का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलोटे ने बताया कि यह मेला 12 फरवरी को प्रातः 11 बजे से आयोजित होगा। मेले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्र में बेरोजगार युवक युवतियों की भर्ती की जायेगी। इस रोजगार मेले में 5 वी, 8वी, 10वी, 12वी, आईटीआई डिप्लोमा, स्नातक व स्नातकोत्तर उत्तीर्ण 18 से 35 वर्ष तक की आयु के युवा भाग ले सकते है।

### बॉडी बिल्डिंग/वेस्ट फिजिक चैंपियनशिप 8 फरवरी को

**सीहोर।** राष्ट्रीय रेफरी अंतरराष्ट्रीय कोच गणेश चौरसिया ने बताया कि सम्भाग स्तरीय बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप एवं वेस्ट फिजिक का आयोजन दिनांक 8 फरवरी दिन रविवार को मानस भवन पोलोटेक्निक चौराहा भोपाल में आयोजित होने जा रही है। बॉडी बिल्डिंग कैटेगरी 55 किलो वर्ग से शुरु है, जिसमें आठ ग्रुप होगें। मेन में फिजिक का होगा। इस प्रतियोगिता का वेस्ट ग्रुप प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक किया जावेगा एवं प्रतियोगिता दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगी।

# परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने सिखाए तनाव मुक्ति के गुर

## विद्यार्थी वह चैप्टर पहले से पढें जो शिक्षक भविष्य में कक्षा में पढ़ाने वाले हैं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को ह्यपरीक्षा पे चर्चाह्ण कार्यक्रम में विद्यार्थियों से संवाद कर परीक्षा से जुड़े तनाव और शंकाओं का समाधान किया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के उत्कृष्ट विद्यालय, जबलपुर के छात्र आयुष तिवारी ने प्रधानमंत्री मोदी से प्रश्न किया कि कई बार वे शिक्षकों की पढ़ाने की गति से तालमेल नहीं बिठा पाते हैं, उसे कैसे मैच करें?

इस पर प्रधानमंत्री मोदी ने विद्यार्थियों को समझाते हुए शिक्षकों से भी आग्रह किया कि अपने अध्यापन की स्पीड विद्यार्थियों के सीखने की गति के अनुरूप रखें। लेसन प्लान विद्यार्थियों के साथ पूर्व से ही साझा करें। विद्यार्थी वह चेप्टर पहले से पढें, अध्ययन करें जो शिक्षक भविष्य में कक्षा में पढाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की गति से सामंजस्य बैठाने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि पहले अपने को जोड़ो, फिर मन को जोड़ो। उसके बाद पढाई के विषय शुरू करो। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि मन को जोड़ने का अर्थ है, विषय की तमाम जानकारियां जुटाना और जोड़ने का अर्थ है, एकाग्रता बनाए रखना। इससे आपकी समझ मजबूत होगी और आप एक कदम आगे चलेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विद्यार्थियों के साथ आयोजित ह्यपरीक्षा पे चर्चाह्ण कार्यक्रम में तनावमुक्त जीवन, समय प्रबंधन, अनुशासन, जीवन कौशल एवं व्यवसायिक विकास के महत्वपूर्ण मंत्र दिए। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों से आत्मविश्वास के साथ लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिले की सभी शासकीय और निजी शालाओं में इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया। हरदा के महात्मा गांधी हायर सेकण्ड्री स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गेहलोत ने कहा कि जीवन में सकारात्मक सोच रखें। हमारे जीवन में हम यदि सकारात्मक सोच रखेंगे तो निश्चित ही सफलता के शीखर पर पहुँचेंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### 9 को अगला प्रसारण

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का अगला प्रसारण 9 फरवरी 2026 को होगा। जिसमें प्रधानमंत्री मोदी देश के विभिन्न अंचलों के विद्यार्थियों के साथ चर्चा करेंगे। यह कार्यक्रम विभिन्न संचार माध्यमों पर सुबह 10 बजे से प्रसारित किया जायेगा। प्रदेश के विद्यालयों में उक्त कार्यक्रम के सजीव प्रसारण की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष आवासीय शिविर का षष्ठम दिवस

# शिविर में युवाओं को मिला सुरक्षा का मंत्र, नशा मुक्ति की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

हरदा आदर्श महाविद्यालय हरदा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर के षष्ठम दिवस की शुरुआत शुक्रवार को प्रभात फेरी की साथ की गई। इसके बाद परियोजना कार्य के अंतर्गत विद्यालय परिसर एवं पंचायत भवन के पास वृहद रूप से स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान किया गया। इस दौरान पहले से लगे पौधे एवं नए रोपित किए गए पौधों के थाला बनाये गये। बौद्धिक सत्र में जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवकों को साइबर सुरक्षा, सड़क सुरक्षा तथा नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया गया।



कार्यक्रम में सूबेदार एवं यातायात प्रभारी उमेश ठाकुर, साइबर सेल एवं साइबर सुरक्षा से मनोज ठाकुर, ट्रैफिक थाना के प्रधान आरक्षक महेश शर्मा तथा नशा मुक्ति मास्टर ट्रेनर नीरज गुर्जर विशेष रूप से उपस्थित रहे। मनोज ठाकुर ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि डिजिटल युग में साइबर अपराधों से बचने के लिए सतर्क रहना बेहद आवश्यक है। अज्ञात लिंक पर क्लिक न करने, अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने और मजबूत पासवर्ड रखने जैसी सावधानियों पर जोर दिया। उमेश ठाकुर ने सड़क सुरक्षा एवं साइबर फ्रॉड के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके बाद महेश शर्मा ने यातायात विषय पर यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा जिम्मेदारी से वाहन चलाने का संदेश दिया। वहीं नशा मुक्ति पर नीरज गुर्जर ने नशे को समाज के लिए गंभीर समस्या बताते हुए युवाओं से इससे दूर रहने और दूसरों को भी जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में सभी स्वयंसेवकों को साइबर सुरक्षा, सड़क सुरक्षा और नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में जागरूकता बढ़ाकर सुरक्षित और स्वस्थ समाज का निर्माण करना रहा। कार्यक्रम का संचालन प्रीति राजपूत एवं लक्की ओसवाल ने किया तथा आभार रासेयो कार्यक्रम अधिकार छाया लोगरे ने किया। इस दौरान रासेयो कार्यक्रम अधिकारी तपिश सोलंकी, सहायक कार्यक्रम अधिकारी महेंद्र सोलंकी, तथा सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## तीनों विकासखंडों में संचालन

# कृषि रथ से किसानों को किया जा रहा जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग प्रदेश में वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के तीनों विकासखंडों में कृषि रथ का संचालन किया जा रहा है। उप संचालक कृषि जे.एल. कास्दे ने बताया कि कृषि रथ के साथ कृषि विज्ञान केंद्र, कोलीपुरा के वैज्ञानिक, कृषि विभाग एवं संबद्ध विभाग के अधिकारी कर्मचारी द्वारा किसानों से सीधा संपर्क कर ई-विकास प्रणाली से उर्वरक क्रय करने हेतु जागरूक किया जा रहा है। साथ ही नरवाई प्रबंधन, ग्रीष्मकालीन मूंग फसल के स्थान पर उडद, मूंगफली, तिल आदि फसलो को प्रोत्साहन, प्राकृतिक व जैविक कृषि करने हेतु प्रोत्साहन, मृदा स्वास्थ कार्ड के आधार पर उर्वरको की संतुलित मात्रा का उपयोग करने और भूमि पर बोई गई फसल अनुसार सूक्ष्म पोषक तत्वों के उपयोग करने आदि का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। इसके अलावा विभाग द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ किसानों को समसामयिक सलाह भी प्रदान की जा रही है। श्री कास्दे ने बताया कि जिले के विकासखंडो में संचालित कृषि रथों द्वारा जिले की 162 ग्राम पंचायतो में भ्रमण किया गया है। इस दौरान 5270 किसानों, 247 जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विभागीय अधिकारी कर्मचारी तथा वैज्ञानिको द्वारा विस्तृत जानकारी प्रदाय की गई।

# पुरानी हिदायतें हवा, अब कलेक्टर के नए निर्देश, पेयजल योजनाओं की समीक्षा में 'अंतिम छोर' पानी पहुंचाने का लक्ष्य

### कलेक्टर ने की पेयजल योजनाओं की जनपदवार समीक्षा

**सीहोर।** सीहोर। जिले में पेयजल व्यवस्था को लेकर प्रशासनिक सख्ती और धरातल की हकीकत के बीच बड़ा फासला नजर आ रहा है। इंदौर के भागीरथपुरा में जहरीले पानी से हुई मौतों के बाद कलेक्टर ने जिले में जल सुनवाई करने और व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए थे, लेकिन उन निर्देशों पर जमीनी स्तर पर कोई खास अमल नहीं हुआ। न तो कहीं जनसुनवाई हुई और न ही ग्रामीणों को इस बारे में जानकारी दी गई। अब इसी बीच गुरुवार को कलेक्टर बालागुरू के. ने एक बार फिर जिला जल स्वच्छता मिशन समिति की बैठक लेकर पेयजल योजनाओं की जनपदवार समीक्षा की और नए दिशा-निर्देश जारी किए।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक में कलेक्टर ने दो टूक कहा कि नल-जल योजनाओं का लाभ केवल कागजों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पेयजल की आपूर्ति गांव के अंतिम घर के अंतिम नल कनेक्शन तक सुनिश्चित की जाए। जिन योजनाओं का काम पूरा हो चुका है, उनके ड्रायरन के समय मैदानी अमला खुद मौजूद रहे, ताकि किसी भी तकनीकी खराबी या लीकेज को तुरंत सुधारा जा सके। कलेक्टर ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच के बाद ही योजनाओं के हस्तांतरण की बात कही।

### पाइपलाइन तोडने वालों पर होगी सख्ती

बैठक में एक महत्वपूर्ण मुद्दा पाइपलाइन की क्षति का उठा। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सडक़ निर्माण या अन्य कार्यों के दौरान जिन विभागों या व्यक्तियों द्वारा पाइपलाइन को नुकसान पहुंचाया जाता है, उनसे ही तत्काल मरम्मत कराई जाए। पेयजल आपूर्ति में किसी भी तरह की बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही पानी की टंकियों और वॉल की नियमित सफाई कराने के निर्देश भी दिए गए, ताकि लोगों को शुद्ध पानी मिल सके। योजनाओं के सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर ने नल कनेक्शन धारियों से नियमित जलकर वसूली पर जोर दिया, ताकि रखरखाव का खर्च निकाला जा सके। उन्होंने पीएचई विभाग के एसडीओ और उपयंत्रियों को सख्त निर्देश दिए कि वे कार्यालयों में बैठने के बजाय फील्ड में भ्रमण करें।

## कलेक्टर भव्या मित्तल से पूर्व जनपद सदस्य लक्ष्मण देवड़े ने कहा

# यहां न डॉक्टर है और न ही पर्याप्त स्टाफ, सुबह 10 बजे अस्पताल खुलने से भी लोगों को परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

कलेक्टर भव्या मित्तल से जनपद पंचायत के पूर्व सदस्य लक्ष्मण देवड़े ने कहा न यहां डॉक्टर है और न ही पर्याप्त स्टाफ है, जबकि अस्पताल भी समय से नहीं खुलता है।



यहां डॉक्टर भी कभी-कभार ही दिखाई देते हैं,जिससे ग्रामीण इलाज के लिए परेशान होते रहते हैं। यह प्रसंग उस समय उपस्थित हुआ,जब शा.प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हेलापड़ावा के मेडिकल आफिसर डा.शुभम बाला कलेक्टर को प्रदत्त-सुविधाओं की जानकारी दे रहे थे। उन्हें यह भी बताया गया कि यहां प्रति माह 50 प्रसूति हो रही है और रायलबेड़ा में भी प्रसूति केंद्र संचालित हो रहा है। जबकि तितरान्या में भी प्रसूति केंद्र शुरू किया जाना है। क्षेत्र में एम्बुलेंस नहीं मिलती है और कहां चल रही है,यह किसी को पता नहीं है। जबकि अधिकांश स्थानों पर मोबाइल-नेटवर्क भी मिल रहा है। जब यह चर्चा चल रही थी तो पूर्व जनपद सदस्य लक्ष्मण देवड़े ने कलेक्टर को बताया कि यहां तो अस्पताल ही सुबह 10 बजे खुलता है और उनका समय पर इलाज नहीं हो रहा है,जिससे वे परेशान हो रहें हैं। यह सुनते ही कलेक्टर ने बीएमओ डा.दीपक शस्त्रे से पूछा कि यहां डॉक्टर कौन है? डॉ.बाला ने उन्हें तत्काल बताया कि वे यहां पदस्थ हैं और वे आगे कुछ बोल ही नहीं पाए। लेकिन कलेक्टर ने कहा कि दो माह बाद तो एमडी के लिए यहां से चले ही जावेंगे और चर्चा पर विराम लग गया। इस प्रतिनिधि को देवड़े और भावसिंह पटेल ने बताया कि उक्त डॉक्टर झिरन्या में बीएमओ थे और वे अधिकांश वहीं पर रहते थे। इसलिए इस पहाड़ी क्षेत्र के मरीजों को इलाज के लिए परेशान होना पड़ रहा है।

### इनका कहना है

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हेलापड़ावा में मेडिकल आफिसर,फार्मासिस्ट और नर्स पदस्थ है। डा. बाला के एम.डी.के लिए जाने पर समस्या आएगी।
डा.दीपक शस्त्रे बीएमओ,
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, झिरन्या

## विधायक सुदेश राय ने किया सामुदायिक भवन निर्माण का भूमि-पूजन

# सामाजिक कार्यक्रमों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा सुविधाजनक सामुदायिक भवनः सुदेश राय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

विधायक सुदेश राय ने गुरुवार को ग्राम सोठी में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए ग्रामीणों की विशेष उपस्थिति में मंत्र उच्चारण के साथ भूमि पूजन किया। भूमि पूजन के उपरांत ग्राम पंचायत सरपंच रीना बृजेश अहिरवार एवं पंचों और ग्राम वासियों के द्वारा विधायक सुदेश राय का फूल मालाए पहना कर स्वागत कर सामुदायिक भवन की सौगात देने पर आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान विधायक सुदेश राय ने विभिन्न समस्याओं को लेकर ग्राम वासियों से चर्चा भी की और शीघ्र ही समाधान करने का आश्वासन दिया। विधायक सुदेश राय ने भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव प्रभारी मंत्री कृष्णा सांसद आलोक शर्मा के द्वारा ग्राम विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विधायक निधि के माध्यम से ग्राम पंचायत के द्वारा बनाए जाने वाला सामुदायिक भवन सुविधाजनक होगा। सुरक्षित खिड़की दरवाजों के साथ लेट बाथ और बिजली की भी समुचित व्यवस्था रहेगी।

सामुदायिक भवन में धार्मिक सामाजिक कार्यक्रम आसानी से होंगे। सामुदायिक भवन का लाभ पूरे गांव को मिलेगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरपंच स्थानीय ग्रामीणजन जन प्रतिनिधि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# पनीर फैक्ट्री बहा रही जहरीला पानी प्रशासन के उत्पादन रोकने के निर्देश

## जिला उद्योग महाप्रबंधक ने इंडस्ट्रीज को नोटिस जारी किया

### 7 दिन में मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

जिला मुख्यालय के समीप पचामा इंडसट्रियल एरिया में संचालित 'सचिन इंडस्ट्रीज' पनीर फैक्ट्री प्रशासन के रडार पर आ गई है। नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए फैक्ट्री से निकलने वाला जहरीला और बदबूदार पानी खुलेआम नालों और खेतों में बहाया जा रहा है। इस गंभीर प्रदूषण को देखते हुए जिला उद्योग कार्यालय ने कड़ा रुख अपनाया है और फैक्ट्री का उत्पादन तत्काल प्रभाव से रोकने के निर्देश दिए हैं।

जिला उद्योग महाप्रबंधक अनुराग वर्मा ने बताया कि सचिन इंडस्ट्रीज द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। जांच में सामने आया है कि फैक्ट्री प्रबंधन ने मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अनिवार्य अनुमति नहीं ली है। इतना ही नहीं फैक्ट्री के पास भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण का भी वैध लाइसेंस नहीं है। बिना एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट के दूषित पानी सीधे बाहर छोड़ा जा रहा है, जिससे इलाके में सफेद जहरीले पानी का तालाब बन गया है। फैक्ट्री से निकलने वाला यह तेजाबी और बदबूदार पानी न केवल स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है, बल्कि किसानों के खेतों में घुसकर मिट्टी की उर्वरक शक्ति को भी नष्ट कर रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस जहरीले पानी की दुर्गंध से जीना मुहाल हो गया है। डर है कि यह दूषित पानी क्षेत्र की जीवनरेखा जमोनिया डैम में मिलकर पूरे जल स्रोत को जहरीला बना सकता है।

### कटेगी बिजली, निरस्त होगी लीज

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला उद्योग महाप्रबंधक ने फैक्ट्री संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। श्री वर्मा ने स्पष्ट किया है कि फैक्ट्री को तत्काल प्रोडक्शन बंद करने का आदेश दिया गया है। विभाग ने बिजली कंपनी को पत्र लिखकर फैक्ट्री का विद्युत कनेक्शन काटने के निर्देश दिए हैं। श्री वर्मा ने बताया कि यदि संतोषजनक जवाब नहीं मिला और नियमों का पालन नहीं किया गया तो फैक्ट्री की जमीन की लीज निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।